भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-230**

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

**तमिलनाडु के विद्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी**

†230**. श्री सी. एन. अन्नादुरई:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की तमिलनाडु राज्य के सभी विद्यालयों को इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने की कोई योजना है;
(ख) तमिलनाडु राज्य में इंटरनेट कनेक्शन और बैठने की पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित कंप्यूटर लैब वाले विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या तमिलनाडु के विद्यालयों में इंटरनेट की पहुंच में सुधार के लिए कोई योजना है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) इस उद्देश्य के लिए तमिलनाडु राज्य को पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के प्रशासनिक नियंत्रण में आते हैं। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा तमिलनाडु सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को बीएसएनएल के साथ एक समझौता ज्ञापन/अनुबंध करने और उन सभी सरकारी स्कूलों जिनके पास कंप्यूटिंग डिवाइस हैं, को एफटीटीएच इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एक परामर्शिका जारी की गई है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि इंटरनेट शुल्क का भुगतान निम्नलिखित तरीकों से किया जा सकता है:

- समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत आईसीटी लैब्स/स्मार्ट कक्षाओं के लिए, इंटरनेट शुल्क समग्र शिक्षा के अंतर्गत जारी किए जा रहे आवर्ती शुल्क से पूरा किया जा सकता है।
- जिन स्कूलों में समग्र शिक्षा के अंतर्गत आईसीटी/स्मार्ट कक्षाएं स्वीकृत नहीं हैं और जिनके पास कंप्यूटिंग डिवाइस हैं, उनके लिए इंटरनेट शुल्क समग्र शिक्षा के अंतर्गत जारी किए जा रहे प्रबंधन, निगरानी, मीडिया, मूल्यांकन और अनुसंधान (एमएमएमईआर) निधियों से या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की अन्य निधियों से पूरा किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु राज्य के 58,801 स्कूलों में से 22,086 स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा है, और 46,092 स्कूल कंप्यूटर सुविधाओं से सुसज्जित हैं। (स्रोत: यूडाईज़ 2021-22)

(ग) और (घ): समग्र शिक्षा के आईसीटी घटक के अंतर्गत, सरकार का लक्ष्य तमिलनाडु सहित पूरे देश में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कंप्यूटर-सहायता प्राप्त अधिगम और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना है। निम्नलिखित सुविधाओं के माध्यम से शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आईसीटी को एकीकृत करने का प्रावधान है:

- हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का प्रावधान: स्कूलों को कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड और अन्य डिजिटल उपकरणों से सुसज्जित किया जाता है।
- इंटरनेट कनेक्टिविटी: इंटरनेट का प्रयोग करने के लिए ब्रॉडबैंड कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं।
- डिजिटल कक्षाएँ: संवादात्मक अधिगम की सुविधा हेतु स्मार्ट कक्षाएँ स्थापित करना।
- क्षमता निर्माण: शिक्षकों और छात्रों को आईसीटी उपकरणों और डिजिटल सामग्री का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण।

(ङ): पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य को समग्र शिक्षा के आईसीटी घटक के अंतर्गत आवंटित धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

| **वर्ष** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|---|---|
| आईसीटी (रु. लाख में) | 2822.4 | 12071.6 | 14150.4 | 10114.6 | 6547.5 |

*****